लोगों की क्षमताओं को बढ़ाना ही लक्ष्य

उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। ● सौ : संस्थान

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान (सीआइएमपी) में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का उद्घाटन में किया गया। संस्थान के निदेशक डा. राणा सिंह ने कहा कि एक मेजबान संस्थान होने के नाते सीआइएमपी ने जुलाई 2018 में पहले बैच का प्रशिक्षण शुरू किया और अब तक हमने कई प्रशिक्षण सफलता पूर्वक समाप्त किए हैं।

Danik Jagran! Page No- 06 ! Date-22-11-2022 !

सीआईएमपी में उधमिता विकास कार्यक्रम का उद्‌घाटन

पटना (आससे)। रविवार को सीआईएमपी में मुख्यमंत्री उधमी योजना के तहत उद्यमिता विकास

कार्यक्रम (ईडीपी) का उद्घाटन सीआईएमपी में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग विभाग, सरकार द्वारा समर्थित है। इस अवसर पर इस प्रशिक्षण बैच के 39 प्रशिक्षु उपस्थित थे, साथ ही मुख्य अतिथि संदीप कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, जीविका, प्रो. (डॉ.) राणा सिंह, निदेशक सीआईएमपी, और कुमोद कुमार, सीईओ, सीआईएमपी-बीआईआईएफ, अतिथि और वक्ता के रूप में। प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह ने स्वागत भाषण में कहा, 'एक मेजबान संस्थान होने के नाते सीआईएमपी ने जुलाई 2018 में पहले बैच का प्रशिक्षण शुरू किया और अब तक हमने कई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समाप्त किए हैं।' इसके अतिरिक्त, सीआईएमपी का स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर, सीआईएमपी -बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन, इस वर्ष प्रशिक्षण आयोजित करने का प्रभारी है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक सूची भी दी और पाठ्यक्रम के विभिन्न घटकों के बारे में बात की, जो 2 दिसंबर, 2022 तक चलेगा।

Aaj ! Page - 05 ! Date - 22-11-2022 !

प्रशिक्षुओं को दिये जायेंगे बेहतर उद्यमी बनने के टिप्स

■ सीआईएमपी में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत प्रशिक्षण शुरू

पटना (एसएनबी)। सीआईएमपी में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया। इस बैच में 39 प्रशिक्षु उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि संदीप कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, जीविका, प्रो. राणा सिंह, निदेशक सीआईएमपी, कुमोद एवं सीआईएमपी-बीआईआईएफ के सीईओ मौजूद थे।

प्रो. राणा सिंह ने कहा कि सीआईएमपी द्वारा जुलाई 2018 में पहले बैच का प्रशिक्षण शुरू किया गया था। इस वर्ष सीआईएमपी का स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर, सीआईएमपी-बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिसम्बर तक चलेगा। सरकार का लक्ष्य व्यक्तियों को उनके ज्ञान और क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं को यह भी बताया जायेगा कि भविष्य के पैसों का कैसे निवेश करना है। श्री कुमार ने कहा कि एक उद्यमी को जिज्ञासु होना चाहिए। हर किसी को अपने प्रशिक्षण के दिनों में जितना हो सके उतना सीखना चाहिए। संदीप कुमार ने प्रतिभागियों से बेहतर समझने के लिए संकाय सदस्यों से पूछताछ करने का अनुरोध किया।

सीआईएमपी में 39 युवाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

पटना। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का उद्घाटन सीआईएमपी में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग विभाग द्वारा समर्थित है।

प्रशिक्षण में 39 प्रशिक्षु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जीविका के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप कुमार थे। सीआईएमपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) राणा सिंह ने कहा कि सीआईएमपी ने जुलाई 2018 में पहले बैच का प्रशिक्षण शुरू किया और अब तक हमने कई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समाप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त, सीआईएमपी का स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर, सीआईएमपी -बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन, इस वर्ष प्रशिक्षण आयोजित करने का प्रभारी है। उन्होंने कहा, सरकार का प्रमुख लक्ष्य व्यक्तियों को उनके ज्ञान और क्षमताओं को बढ़ाकर स्वतंत्र बनाना है। उन्होंने कंपनी की कानूनी स्थिति के महत्व, एमएसएमई के रूप में पंजीकरण कैसे करें, व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया, सरकार और बैंक सहायता कार्यक्रमों तक कैसे पहुंचे पर चर्चा की। उसी कार्यक्रम में कुमोद कुमार ने उम्मीदवारों को उद्यमियों के रूप में उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

Hindustan ! Page No-06 ! Date-22-11-2022 !

लाभ के लिए निवेश करने का तरीका सीखें : प्रो राणा

पटना. सीआइएमपी में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (इडीपी) का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग विभाग द्वारा आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में प्रशिक्षण बैच के 39 प्रशिक्षु उपस्थित थे. मुख्य अतिथि जीविका के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप कुमार ने सभी प्रशिक्षु को शुभकामानाएं दीं. संस्थान के डॉ राणा सिंह ने कहा कि जीवनयापन के लिए कैसे काम करना है, लाभ कमाना है और उस पैसे को भविष्य के लाभ के लिए निवेश करने का तरीका सीखना चाहिए.

Prabhat Khabar !
Page No - 03 !
Date - 22-11-2022 !